# रोजगार मेले में 10 हजार हितग्राहियों को लाभान्वित करने की तैयारी

## कलेक्टर ने दिया अल्टीमेटम रैकिंग डी से ए ग्रेड में लाएं, ए-ग्रेड न होने पर संबंधित के विरुद्ध होगी कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अगस्त, सीएम हेल्पलाइन एवं टीएल पत्रो के निराकरण की समीक्षा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सोमवार को की. सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण को लेकर नाराजगी जताई. राजस्व, स्वास्थ्य एवं ऊर्जा विभाग सहित विभिन्न विभाग रैकिंग में डी-श्रेणी में है, 10 सितम्बर तक विभाग की ग्रेडिंग ए करने के निर्देश दिये गये.**

इसके बाद तय समय सीमा में ए ग्रेड में न होने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी. सभी एसडीएम राजस्व विभाग की शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें. कार्यपालन यंत्री ऊर्जा बिजली बिलों में सुधार की शिकायतों के निराकरण के लिए शिविर लगाएं.




अगस्त माह की शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें. बैठक में कलेक्टर ने कहा कि अक्टूबर माह में रीवा में राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा. इसमें संभाग के 50 हजार से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा.

रीवा जिले के 10 हजार हितग्राही विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं से लाभान्वित किए जाएंगे. हितग्राही मूलक योजनाओं से जुड़े सभी अधिकारी हितग्राहियों का चयन करके 10 दिवस में प्रकरण तैयार कर बैंकों में प्रस्तुत कर दें. इसके बाद अग्रणी बैंक प्रबंधक हर सप्ताह स्वरोजगार प्रकरणों का निराकरण कराकर रोजगार मेले में वितरण की तैयारी कराएं. सभी स्वरोजगार योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा कराएं. निजी कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त करने के इच्छुक हितग्राहियों की भी सूची तैयार
कर लें.

रोजगार मेले में बड़ी संख्या में निजी कंपनियाँ भी शामिल होंगी. कलेक्टर ने कहा कि 26 अगस्त को दोपहर बाद 3 बजे से राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष कलेक्ट्रेट सभागार में पिछड़ावर्ग के कल्याण के लिए लागू योजनाओं की समीक्षा करेंगे. सभी संबंधित अधिकारी अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहें. बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सहायक कलेक्टर दृष्टि जायसवाल, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, डिप्टी कलेक्टर राजेश सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर सुधाकर सिंह, एसडीएम त्योंथर पीएस त्रिपाठी, एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी मौजूद रहे.

### पत्र हितग्राहियों के प्रस्ताव तीन दिवस में मंगाए गए

बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने कहा कि सभी सीएमओ शहरी आवास योजना के पात्र हितग्राहियों के प्रस्ताव तीन दिवस में प्रस्तुत कर दें. सभी एसडीएम धारणाधिकार योजना के तहत दर्ज आवेदनों का निराकरण कर दें जिससे पात्र हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ दिया जा सके. धारणाधिकार के आवेदन लोक सेवा केन्द्र तथा कॉमन सर्विस सेंटर से दर्ज कराएं. सभी एसडीएम आवास योजना के हितग्राहियों के नामांतरण के प्रकरण सात दिवस में निराकृत कराएं. सभी सीएमओ आवास योजना से प्रथम किशत की राशि मिलने के बाद आवास का निर्माण न कराने वालों के विरूद्ध वसूली की कार्यवाही करें. इसके लिए आरआरसी जारी कराएं. बैठक में संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी ने 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी. बैठक में पेयजल व्यवस्था, ई केवाईसी अपडेशन तथा भू अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा की गई.



# जमीन के फर्जीवाड़े को लेकर कांग्रेस नेताओं ने ईओडब्ल्यू में की शिकायत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अगस्त, शहडोल जिले के ब्यौहारी तहसील के अन्तर्गत ग्राम खड़हुली में मध्य प्रदेश शासन की भूमि एवं खसरे में दर्ज गैर हकदार व चरनोई शब्द को विलोपित कर फर्जी विक्रय के द्वारा भूमि स्वामी बनकर घोटाला किया गया है.**

अधिकारियों की मिली भगत से बड़ा खेल किया गया है. जिसको लेकर कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष कुंवर सिंह व प्रदेश प्रवक्ता डा0 विनोद शर्मा द्वारा ईओडब्ल्यू रीवा आफिस में शिकायत कर जांच की मांग की है. शिकायत में आरोप लगाया कि पद का दुरूपयोग कर लगभग दो सौ करोड़ की आर्थिक क्षति शासन को पहुंचाई गई है.

खड़हुली के वर्तमान हल्का पटवारी राजेन्द्र द्विवेदी एवं हल्का पटवारी छतैनी प्रदीप तिवारी एवं तत्कालीन नायब तहसीलदार अमित मिश्रा और तहसीलदार भूवनेश्वर सिंह, एसडीएम द्वारा ग्राम खड़हुली की लगभग 20 किता भूमि जो पूर्व में चरनोई व मध्य प्रदेश शासन दर्ज थी, बिना किसी समक्ष अधिकारी के खसरे से चरनोई शब्द विलोपित कर दिया गया और फर्जी विक्रय पत्र के माध्यम से अपने रिश्तेदारो के नाम भूमि की गई. लगभग दो सौ करोड़ की आर्थिक क्षति शासन को पहुंचाई गई है. 3 अगस्त 2023 के आधार पर उक्त सभी भूमियों में गैर हकदार शब्द विलोपित किया गया तथा बिना किसी आदेश के चरनोई व मध्य प्रदेश शासन की भूमियों में षडयंत्र पूर्वक मनगढ़ंत व कूट रचित दस्तावेज तैयार करके विक्रय पत्र किया गया. शिकायत 25 मार्च 2025 को अनुविभागीय अधिकारी व कलेक्टर शहडोल आयुक्त शहडोल मुख्य सचिव मध्य प्रदेश एवं प्रमुख सचिव राजस्व विभाग व मुख्यमंत्री के नाम पत्र संदर्भित करके दिया जा चुका था लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है.

## संक्षिप्त

### पिछड़ावर्ग आयोग के अध्यक्ष आज आएंगे रीवा

**रीवा,** मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ावर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) एक दिवसीय प्रवास पर 26 अगस्त को रीवा आएंगे. डॉ कुसमरिया 26 अगस्त को सुबह 9 बजे सिंगरौली से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर एक बजे रीवा पहुंचेंगे. अध्यक्ष श्री कुसमरिया सर्किट हाउस में पिछड़ावर्ग के जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगे तथा दोपहर 2 बजे पिछड़ावर्ग छात्रावास का निरीक्षण करेंगे. इसके बाद अध्यक्ष श्री कुसमरिया दोपहर 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे. डॉ कुसमरिया शाम 5 बजे कार द्वारा रीवा से ग्राम सकोर जिला दमोह के लिए प्रस्थान करेंगे.

### मऊगंज में गणेश चतुर्थी पर रहेगा स्थानीय अवकाश

**रीवा,** मऊगंज जिले में 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है. कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में वर्ष 2025 के लिए तीन स्थानीय अवकाशों की घोषणा की गई थी. जिसके अनुसार 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी पर तीसरा स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है. घोषित किया गया स्थानीय अवकाश जिले के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र के सभी शासकीय कार्यालयों तथा संस्थानों में प्रभावशील होगा. यह अवकाश जिले के कोषालय, उप कोषालय तथा बैंकों पर लागू नहीं होगा.

### अवैध कॉलोनियों का चिन्हांकन करें : जैन

**रीवा,** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने तहसीलदार मऊगंज, हनुमना एवं नईगढ़ी को निर्देश दिये हैं कि नगर परिषद सीमा में आने वाली सभी अवैध कालोनियों का चिन्हाकन कर जांच प्रतिवेदन एसडीएम के माध्यम से प्रस्तुत करें. नियत समय में प्रतिवेदन न प्राप्त होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी.



### तम्बू में भरा तालाब का पानी

**गुढ़,** शनिवार और रविवार को हुई झमाझम वारिस से गुढ़ बस स्टैण्ड स्थिति खटखरिहा तालाब, बसन्त सागर तालाब एवं क्रिकेट ग्राउण्ड रानी तालाब लबा लब तालाब के किनारे बने लोगो घरो में घुसा पानी. वही सेवा सहकारी समिति गोदाम के पास बसंन्त सागर तालब हर्दी मोड बाईपास मार्ग के किनारे बिहार से आए बाढ़ पीडित लोग जो आपनी तम्बू बना कर गांव में दवा बेच कर रोजी रोटी चला रहे थे. उनके झोपडियों में तालाब के ऊफान पर आने से पानी भर गया जो आज सुबह अपना तम्बू वगैरह उखाड कर सीधी जिला के लिए पलायन कर कर गए. वही बार्ड 10 सब्जी मंडी में भी तालाब जैसे नगर का पानी इकट्ठा होने व नाले से पानी की सही निकासी न होने से कई घरो में पानी घुसा रहा जहां लोगो को भारी छति व परेशानी का सामना करना पड़ा.

### अशोक गुप्ता का दु:खद निधन

**हनुमना,** स्वामी माधवाचार्य श्री वैष्णव सेवा मंडल हनुमान के सक्रिय पदाधिकारी तथा प्रतिष्ठित नागरिक अशोक कुमार गुप्ता का लंबी बीमारी के बाद 24 अगस्त को शाम 6 बजे बैकुंठवास हो गया. उनके निधन की खबर सुनते ही पहुंचे नगर में जहां शोक की लहर व्याप्त हो गई. उनके वार्ड क्रमांक 8 में भारतीय स्टेट बैंक के सामने स्थित लकड़ी टाल वाले आवास पर सभी परिजनों इष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों का देर रात तक तांता लगा रहा. अंतिम संस्कार मां त्रिवेणी के तट प्रयागराज में किया गया. निधन पर स्वामी माधवाचार्य श्रीवैष्णव सेवा मण्डल के अध्यक्ष तथा विंध्य में जनसंघ के संस्थापक लोकतंत्र सेनानी सरयू प्रसाद वैद्य, हनुमना नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आषुतोष गुप्ता, उपाध्यक्ष शरद जय गुप्ता, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शैलजा गुप्ता रमेश जायसवाल पूनम गुप्ता वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता यूथ कांग्रेस के संयुक्त जिला महासचिव निलेश केसरी बच्चा भैया,पार्षद नवनीता तारकेश्वर गुप्ता दीनानाथ गुप्त सीताराम गुप्ता शुभवंत किशोर प्रोफेसर दुल्ली चंद्रगुप्त विक्रम गुप्ता प्रेमचंद गुप्ता विट्ठलनाथ केसरी राजेश गुप्ता केशव गुप्ता श्याम जी गुप्त सुमित गुप्ता लवकुश गुप्ता, पप्पू गुप्ता मनोज कुमार केसरवानी कमलेश गुप्ता जितेंद्र केसरी महावीर केसरवानी राजा बाबू गुप्त, बबलू केसरवानी जग्गी लाल गुप्ता लालजी गुप्त वरिष्ठ पत्रकार संपति दासगुप्त श्याम बाबू गुप्ता आदि ने शोक व्यक्त किया.



### संभागीय टीएल बैठक आज

**रीवा,** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 26 अगस्त को सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय में टीएल पत्रों की समीक्षा करेंगे.

# नगर निगम ने हटाए पोल में लगे ऐड कियोस्क

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अगस्त, शिल्पी प्लाज़ा क्षेत्र में इलेक्ट्रिक पोल पर लगे ऐड कियोस्क की अनुबंध अवधि समाप्त होने पर नगर निगम की टीम द्वारा उन्हें हटाने की कार्यवाही की गई.**

यह कार्रवाई सहायक आयुक्त शीतल भलावी के नेतृत्व में की गई. उल्लेखनीय है कि शहर में म.प्र. आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर निगम विशेष अभियान चला रहा है. इसी क्रम में इस कार्यवाही के दौरान 15 से अधिक इलेक्ट्रिक पोल से ऐड कियोस्क हटाए गए. साथ ही, कॉलेज चैराहा क्षेत्र के पास लगे लगभग 40 ऐड कियोस्क को भी हटाने की तैयारी की जा रही है. गौरतलब है कि उक्त इलेक्ट्रिक पोल ऐड कियोस्क के लिए पूर्व में निविदा प्रक्रिया के माध्यम से अनुबंध किया गया था, जिसकी अवधि जुलाई माह में समाप्त हो चुकी थी. अनुबंध समाप्त होने के बाद ऐड कियोस्क स्वयं हटाने हेतु संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया गया था. निर्धारित समय सीमा में कियोस्क न हटाए जाने पर नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए उन्हें हटा दिया. इस दौरान नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं अतिक्रमण दल मौजूद रहे. शहर के अंदर अवैध रूप से कई विज्ञापन होर्डिंग बोर्ड लगे हुए है जिन्हे हटाने की कार्यवाही नगर निगम द्वारा की जा रही है.




# सांसद निवास कार्यालय में पेंशनरों ने सौंपा मांगों का ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अगस्त, प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसियेशन म.प्र. जिला शाखा रीवा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उप प्रान्ताध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी नें बताया है कि प्रान्तीय निकाय के आव्हन पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में 8 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम सांसद के माध्यम से पेंशनरों द्वारा रैली निकाल कर रीवा सांसद कार्यालय में दिया गया.**

ज्ञापन में 8 सूत्रीय मांगो में से केन्द्र के समान 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता, मध्यप्रदेश पुर्नगठन की धारा 49(6) को अविलम्ब हटाये जाने बावत् 8वें वेतन आयोग के गठन के पूर्व वित्त विधेयक में किये गये संशोधन को निरस्त करने बावत् न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णयों को ऐसे समान प्रकरण में सभी को लाभ दिया जाय.

पेंशन नियम 1976 में संशोधन कर पेंशन का अधिकार विधवा बहू, अविवाहित पुत्री को दिया जाय. कैश लेस इलाज की सुविधा पेंशनरों को शीघ्र प्रदान की जाय. इसके अलावा आदि मांगे शामिल रही. ज्ञापन देने वालो में रामपाल शुक्ला, नरेश द्विवेदी, उमाकान्त तिवारी, यदुवीर द्विवेदी, रामगोपाल मिश्रा, सिद्धमुनि पाण्डेय, नागेन्द्र प्रसाद शुक्ल, वंशगोपाल त्रिपाठी, उर्मिला प्रसाद उपाध्याय, न्याजुल्ला खांन, चिन्तामणि मिश्रा शामिल रहे.



दोपहर हुई झमाझम बारिश से बचने ठेले में खड़े लोग

# वेतन निर्धारण के प्रस्ताव अब ऑनलाइन भेजें

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अगस्त, प्रत्येक शासकीय कर्मचारी की सेवा पुस्तिका का समय-समय पर संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा कार्यालय से सत्यापन किया जाता है. शासन के निर्देशों के अनुसार सेवा पुस्तिकाओं के सत्यापन की ऑनलाइन व्यवस्था लागू कर दी गई है.**

इस संबंध में संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा एमएस पैकरा ने बताया कि सभी आहरण संवितरण अधिकारी तथा कार्यालय प्रमुख अधिकारियों-कर्मचारियों की सेवा-पुस्तिका आईएफएमआईएस पोर्टल पर अपलोड करा दें. वेतन निर्धारण के लिए निर्धारित प्रपत्र में अभिलेख दर्ज कराएं. इस प्रपत्र में कर्मचारियों से जुड़ी 19 बिन्दुओं की जानकारी दर्ज किया जाना आवश्यक है. सेवा पुस्तिका तथा निर्धारित प्रपत्र में वेतन निर्धारण का आवेदन प्राप्त होने पर उसका ऑनलाइन सत्यापन करके संबंधित आहरण संवितरण अधिकारी की लॉगिन आईडी पर भेजा जाएगा.

# गुढ़ में सबसे ज्यादा और जवा में सबसे कम हुई वर्षा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अगस्त, जिले में दो दिन तक रूक-रूक कर बारिश होने से जल स्तर बढ़ा है. हालाकि मऊगंज के अपेक्षा जिले में कम वर्षा दर्ज की गई. जवा तहसील में जहा कम वर्षा हुई है. वही गुढ़ और हुजूर तहसील में सबसे ज्यादा वर्षा हुई है.**

जिले में एक जून से अब तक 722.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है. जिले में 25 अगस्त को 28.6 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई. इस दिन सर्वाधिक 67 मिली मीटर वर्षा गुढ़ तहसील में तथा 58 मिली मीटर वर्षा हुजूर तहसील में दर्ज की गई. एक जून से अब तक तहसील हुजूर में 1010.8 मिली मीटर, रायपुर कर्चुलियान में 726.5 मिली मीटर, गुढ़ में 1095 मिली मीटर, सिरमौर में 615.8 मिली मीटर, त्योंथर में 569 मिली मीटर, सेमरिया में 629 मिली मीटर, मनगवां में 665 मिली मीटर तथा जवा में 470 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई. गतवर्ष इसी अवधि में 413.3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. जिले की औसत वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है.

### मऊगंज में अब तक 1349 .4 मिली मीटर वर्षा

मऊगंज जिले में एक जून से अब तक 1349 .4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है. एक जून से अब तक तहसील मऊगंज में 1203 .8 मिली मीटर, हनुमना में 1496 .4 मिलीमीटर तथा नईगढ़ी में 1347 .9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है. जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 735 .3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. जिले में पिछले 24 घण्टों के दौरान 104 .8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई. पिछले 24 घण्टों के दौरान तहसील मऊगंज में 27 .4 मिली मीटर, हनुमना में 36 मिली मीटर तथा नईगढ़ी में 41 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई.

# सड़क के घटिया निर्माण पर निगम आयुक्त ने लगाई फटकार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अगस्त, निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों, समाचार पत्रों से प्राप्त शिकायतों तथा टीएल पत्रों की समीक्षा की.**



लगभग 300 दिनों से लंबित शिकायतों पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का शीघ्र एवं संतोषजनक निराकरण किया जाए. साथ ही, जो शिकायतें नगर निगम के कार्यक्षेत्र से बाहर हैं उन्हें तुरंत संबंधित विभाग को स्थानांतरित किया जाए. वार्ड क्रमांक 5 में सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता संबंधी शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने जांच कर संबंधित निर्माण एजेंसी पर पेनाल्टी लगाने तथा शहर में चल रहे सभी निर्माण कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर एजेंसियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए. शहर में आवारा पशुओं की रोकथाम पर प्रभावी कार्यवाही न होने पर प्रभारी अधिकारी को कारण बताओ नोटिस (एससीएन) जारी करने के निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट कहा कि आवारा पशुओं को सड़कों से हटाकर तत्काल गौशालाओं में भेजा जाए. जल आपूर्ति एवं गंदे पानी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने फटकार लगाई और निर्देश दिए कि यदि 24 घंटे के भीतर कम्पनी द्वारा फॉल्ट का पता लगाकर समाधान नहीं किया जाता है तो नोटिस दें.

# खाद्य सुरक्षा पोर्टल में विद्यार्थियों की जानकारी अपडेट करें : पाल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अगस्त, खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्र हितग्राहियों के साथ-साथ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ावर्ग छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को भी खाद्यान्न प्रदान किया जाता है.**

खाद्यान्न का वर्ष में दो बार आवंटन विद्यार्थियों की वास्तविक संख्या के आधार पर किया जाता है. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सहायक संचालक पिछड़ावर्ग तथा जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग को छात्रावासों में प्रवेश के अनुसार विद्यार्थियों की संख्या दर्ज करने के निर्देश दिए हैं. कलेक्टर ने कहा है कि राशन मित्र पोर्टल पर संबंधित छात्रावास अथवा आश्रम की लॉगिन आईडी से विद्यार्थियों की जानकारी दर्ज कराएं. जिससे विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न छात्रावासों को प्राप्त हो सके. इसमें किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी.

# पति की लम्बी उम्र के लिए महिलाएं आज रखेंगी हरतालिका तीज का व्रत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अगस्त, पति की लम्बी उम्र की कामना को लेकर महिलाएं मंगलवार को हरतालिका तीज का व्रत रखकर विधि विधान से पूजा करेगी. बाजार में सामग्री खरीदी को लेकर अच्छी खासी भीड़ रही.**



कंजी के दातून एवं बांस की टोकनी आदि की खरीददारी हुई. पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य की कामना के लिये हरतालिका तीज का व्रत इस बार 26 अगस्त को मनाया जायेगा. शुभ योगो में निर्जला व्रत रखकर महिलाएं हरतालिका का पूजन करेगी. बाजार में खरीददारी के लिये भीड़ बढ़ने लगी है. बाजार में राखी के बाद एक बार फिर रौनक देखने को मिल रही है. शहर के शिल्पी प्लाजा, प्रकाश चौक, फोर्ट रोड़, गुड़हाई बाजार सहित अन्य जगह खरीददारी के लिये भीड़ महिलाओ की देखी गई. खरीददारी में साज सज्जा की सामग्री के साथ वस्त्र, गहने, चूडियां सहित श्रृंगार में लगने वाली सामग्री महिलाएं खरीद रही है. इतना ही नही मेंहदी लगवाने के लिये एडवांस बुकिंग हो रही है. हरतालिका तीज पर महिलाएं भगवान शिव-पार्वती की मूर्ति बनाकर विशेष पूजन करती है और रात्रि जागरण कर भजन कीर्तन किया जाता है. दूसरे दिन सुबह महिलाएं व्रत तोड़ती है और भोजन करती है. रात भर जागरण होगा.

### कार्यशाला आज

**रीवा, 25 अगस्त,** मध्यप्रदेश राज्य कौशल प्रतियोगिता के प्रचार प्रसार तथा पंजीयन के लिए 26 अगस्त को संभागीय आईटीआई रीवा में दोपहर 12 बजे से कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है. इस संबंध में प्राचार्य आईटीआई एस.एन. मिश्रा ने बताया कि कौशल प्रतियोगिता में 63 तरह के विभिन्न स्किल के संबंध में प्रतियोगितायें आयोजित की जायेंगी.